राशन वितरण पांच से

कोटपूतली । खाद्य विभाग ने रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना का लाभ खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों को देने के लिए मैपिंग अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत राशन डीलरों को गेहूं वितरण पांस नवम्बर से करने है। इससे पहले लाभार्थी की एलपीजी कनेक्शन आईडी (17 अंकों की) की मैपिंग करना अनिवार्य होगा। इस योजना के तहत रसोई गैस सिलेंडर को 450 रुपये में उपलब्ध कराने का प्रावधान है जो प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और बीपीएल परिवारों के लाभ के विस्तार के रूप में अब खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों को भी बजट घोषणा 2024-25 के अनुसार दिया जायेगा। योजना का लाभ सितम्बर 2024 से सभी एनएफएसए पात्र परिवारों को मिलने लगेगा। पर्वतक निरीक्षक अमित यादव ने बताया कि एनएफएसए राशन कार्डधारी परिवारों के सभी सदस्यों के आधार की मैपिंग करना अनिवार्य किया गया है। इसके साथ ही 17 अंकों की एलपीजी आईडी की भी सीडिंग आवश्यक होगी। यदि राशन कार्ड पर अलग-अलग सदस्यों के पास अलग गैस कनेक्शन हैं तो हर सदस्य के गैस कनेक्शन की एलपीजी आईडी की मैपिंग की जायेगी। गेहूं प्राप्त करने से पहले आधार सीडिंग, एलपीजी आईडी सीडिंग और ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करना अनिवार्य होगा। सभी उचित मूल्य दुकानदारों को निर्देश दिया गया है कि ये प्रक्रियायें पूरी करने के बाद ही गेहूं का वितरण किया जाये।

बोलेरो में आग लगने से चालक की संदिग्ध मौत

टोंक। पीपलू उपखण्ड के थाना बरौनी क्षेत्र स्थित स्टेट हाइवे-117 सोहेला-डिग्गी मार्ग स्थित हाडी खुर्द गांव के पास शनिवार की रात को अज्ञात कारणों से बोलेरो गाडी में आग लगने से चालक जिन्दा जल जाने से संदिग्ध हालत में मौत हो गई, साथ ही बोलेरो गाडी

■ **परिजनो ने प्रशासन से न्याय की मांग**

जलकर राख हो गई। सूचना पर मृतक के परिजन घटलास्थल पहुंचे तथा पुलिस भी मौके पर पहुंची, पुलिस के विलम्ब से पहुंचने से गुस्साएं परिजनो एवं ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने मौका निरीक्षण कर एफएसएल की जांच सहित शव के सभी पहलुओं के आदेश दिए।

रविवार की सुबह मृतक के पिता अमराराम बैरवा एवं परिजन सहित ग्रामीण सआदत अस्पताल पहुचे तो वहां न तो कोई डॉक्टर जिससे नाराज परिजन व भीड ने जिला कलक्ट्रेट आकर धरना प्रदर्शन किया। जिसे पुलिस व जिला

पीपलू उपखण्ड के थाना बरौनी क्षेत्र के हाडी खुर्द गांव के पास बोलेरो गाडी में अचानक आग लग गई।

प्रशासन ने लोगों से समझाईश की, जिसे परिजनो ने स्वीकार करते हुए घटना की स्पष्ट रूप से जांच करने की मांग की। जानकारी मिलते ही निवाई के पूर्व विधायक कमल बैरवा तथा समाज के गणमान्य लोग भी वहां मौके पर पहुंचे, साथ ही पुलिस उपाधीक्षक राजेश विद्यार्थी सहित तहसीलदार कैलाश मीणा व नायब तहसीलदार रतन लाल मीणा तथा एसडीएम कार्यालय से नायब तहसीलदार मो. हनीफ भी पहुंच गए। जिन्होंने समझाईश की जिसके बाद मृतक के पिता अमराराम बैरवा ने पुलिस उपाधीक्षक टोंक राजेश विद्यार्थी को रिपोर्ट दिए जाने के बाद शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया।

बरोनी थानाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि स्टेट हाईवे स्थित हाडीखुर्द गांव के पास मुख्य मार्ग पर एक बोलेरो कार में शनिवार की देर रात को हेमराज पुत्र अमराराम बैरवा उम्र 35 साल निवासी चराई का शव अपनी ही बोलेरो कार में झुलसी हुई अवस्था में मिला, जिसे परिजनों द्वारा जिला अस्पताल टोंक लाया गया, वही परिजनो का कहना है कि मृतक हेमराज बैरवा ने ही मोबाइल से अपनी कार में आग लगने की इतला दी थी, उनके घटनास्थल पहुंचने से पहले ही कार में आग लगकर राख हो गई थी। पुलिस ने शव को सआदत अस्पताल की मौर्चरी में रखवाया। जिसकी सूचना मिलते ही टोंक वृताधिकारी राजेश विद्यार्थी, पीपलू सीओ अरविन्द कुमार, कोतवाली पुलिस थानाधिकारी भंवरलाल वैष्णव, पुरानी टोंक पुलिस थानाधिकारी उदयवीर सिंह, निवाई सदर थानाधिकारी जयमल, मेहन्दवास थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा भी पुलिस जाप्ते सहित पहुंच गए। शव को रविवार की सुबह करीबन दस घण्टे की समझाईश की मशक्कत के बाद मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। वहीं पुलिस अधीक्षक ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए सक्त जांच के आदेश दिये।

परिजनो ने प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर भी देरी से आने के आरोप लगाये है तथा उन्होने निष्पक्ष रूप से जांच कराने की मांग की है और पुलिस पर विश्वास करते हुए परिजनो ने जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण लाभ देने की मांग की है। जांच त्वरित कराने की तथा जांच कमेठी बिठाकर परिवार को न्याय दिलाने की मांग रखी।

सार-समाचार

चोरी की गई 4 मोटरसाइकिलें बरामद

पावटा । पुलिस अधीक्षक कोटपुतली बहरोड राजन दुष्यंत ने बताया कि जिले संपति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने व वर्तमान में हुई वारदातों का शीघ्र खुलासा करने एवं विगत कुछ माह से थाना क्षेत्र में वाहन चोरियों की बढती हुयी घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान को सफल बनाने के लिए प्रभावी कार्यवाही करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के सुपरविजन व वृत्ता धिकारी वृत्त विराट नगर शिप्रा राजावत के निर्देशन व प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार के नेतृत्व मे थाना प्रागपुरा पर टीम गठित की गयी थी। उक्त टीम द्वारा मेहनत व लगन से कार्य करते हुए आसूचना संकलन कर पूर्व के चालानसुदा अपराधियों से अनुसंधान करते हुए पावटा प्रागपुरा कस्बे में लगे सीसीटीवी फुटेजों का गहनता से विश्लेषण करते हुए चोरी की वरदाता को खुलासा करते हुए चोरी की गई चार मोटरसाइकिलों को बरामद कर मुल्जिम राहुल पुत्र राजेंद्र जाति मीणा उम्र 19 साल निवासी ढाणी रैला तन कारोली को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि 13 अक्टूबर 2024 को हिमांशु पुत्र बलवीर जाति राजपूत उम्र 19 साल निवासी खेलना ने प्रागपुरा थाना उपस्थित होकर मामला दर्ज कराया था कि 11 अक्टूबर 2024 को मेरी मोटरसाइकिल ओमकारा होटल पावटा के सामने खडी थी। जिसको कोई अज्ञात चोर चुरा कर ले गया। जिस पर प्रागपुरा थाने में मामला दर्ज कर माल मशरुका व मुल्जिमान की तलाश शुरू की गई। मोटरसाइकिलों के साथ गिरतार अभियुक्त राहुल मीणा के खिलाफ नीमकाथाना सदर, करधनी जयपुर शहर, कालवाड जयपुर शहर, मुरलीपुरा जयपुर शहर, पुलिस थाना प्रागपुरा मे आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज है।

अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

मालपुरा, (निस) डिग्गी थाना पुलिस ने रविवार को अवैध हथकड शराब निर्माण व बैचान के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 40 लीटर हथकड शराब जब्त कर एक जने को किया गिरफ्तार। रविवार की दौपहर दौराने गश्त मुखबीर की सूचना पर कैलाश मीणा के कब्जे से 40 लीटर अवैध हथकड शराब जब्त कर मामला दर्ज किया।

नाथू सिंह भादा का देवलोक गमन

मालपुरा (निस) । मालपुरा शहर के युवा पत्रकार अजय भादा के पिता पूर्व थानाधिकारी नाथू सिंह भादा ठीकाना कचौलिया का लम्बी बीमारी के बाद रविवार को देवलोक गमन हो गया। नाथू सिंह भादा की अंतिम यात्रा में बडी संख्या में ग्रामीण व कई सामाजिक संगठन से जुडे समाज सेवी शामिल हुए। पत्रकार संगठन मालपुरा सहित जिलेभर के पत्रकारों ने दिवंगत आत्मा की मोक्ष प्राप्ती के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर मोन श्रृद्धाजली दी।

ठाकुर जी को लगाया अन्नकूट का भोग

मालपुरा (निस) रविवार को भाई दुज के पावन अवसर पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में ठाकुर जी को अनकुट की प्रसादी का भोग लगाया गया। पुरानी तहसील बारादरी बालाजी मंदिर, घाणा के बालाजी, फलौदी बालाजी, सहित शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरो में बाजरा, व मालपुआ सहित चुरमा, बाटी व गड्डे की प्रसादी का भोग लगा प्रसादी का वितरण किया गया। बारादरी बालाजी मंदिर में पण्डित कृष्ण गोपाल शर्मा द्वारा विशेष पुजा अर्चना करवाई गई ।

कीटनाशक दवा से युवक की मौत

टोंक। मेहंदवास थाना क्षेत्र के ग्राम सेतियावास में एक युवक की खेत में कीटनाशक दवाई छिडकने से हुई एक युवक की मौत थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि सीताराम गुर्जर पुत्र भेरूलाल गुर्जर निवासी सेतियावास जाती गुर्जर उम्र 32 साल जो अपने खेत में कीटनाशक दवाई छिडक रहा था तभी उसके नाक,मुंह में दवाई उडकर चली गई जिससे वह बेहोश हो गया जिसे घायल अवस्था में टोंक सआदत हॉस्पिटल लाया गया जहा डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द किया खबर लिखे जाने तक मृग में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी जांच अनुसंधान जारी है।

गोयल की पुण्यतिथि आज

टोंक। आत्माराम गोयल पूर्व जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी टोंक की पुण्यतिथि आज प्रात: 10 बजे राजमिडवें होटल पर आयोजित की जायेगी। गोयल टोंक की जानी-मानी हस्ती है, जो हिन्दू-मुस्लिम एकता के लिए एक मिसाल थे और आज भी उनका परिवार वर्तमान में भी इस परम्परा को कायम रखे हुए हैं। 4 नवंबर 2024 को उनकी पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उनको पुष्पांजलि दी जायेगी। इस अवसर पर उनके पुत्र एड. राजेंद्र गोयल ने सभी अतिथियों से पधारने की अपील की है।

9 लाख 16 हजार रुपये की क्लेम याचिका खारिज

कोटपूतली । जिले की स्थाई लोक अदालत ने फर्जी व झूठे क्लेम के मामलों को गंभीरता से लेते हुए बीमा कम्पनियों को कहा है कि वे ऐसा करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र हैं। वहीं कोर्ट ने विपक्षी बीमा कम्पनी चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कम्पनी के खिलाफ 09 लाख 16 हजार रुपये की क्लेम याचिका खारिज कर दी। स्थाई लोक अदालत के पीठासीन अधिकारी अनूप कुमार सक्सैना व दीपक चाचान ने यह निर्देश कोटपूतली निवासी सुरेश कुमार गुर्जर की याचिका पर दिया। लोक अदालत ने कहा कि प्रार्थी ने ऐसा कोई साक्ष्य पेश नहीं किया है, जिससे साबित हो कि जिस ट्रॉली का एक्सीडेंट होना बताया है। उसकी मरम्मत कब और किससे करवाई व इसकी सूचना विपक्षी बीमा कम्पनी को क्यों नहीं दी। ऐसा लगता है कि प्रार्थी ने अपने वाहन में कोई अन्य ट्रॉली जोडकऱ यह झूठा क्लेम दायर किया है। मामले से जुडे अधिवक्ता रविन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रार्थी ने याचिका दायर कर कहा कि उसने विपक्षी बीमा कम्पनी से अपनी टाटा सिग्ना-लाईन ट्रॉली की पॉलिसी 19 अगस्त 2020 को ली थी। इस दौरान 17 सितम्बर 2020 को वाहन का एक्सीडेंट हो गया। उसने बीमा कम्पनी को इसकी सूचना दे दी। वाहन को मरम्मत के लिए वर्कशॉप पर दिया और इसका 09.16 लाख रुपये का बिल कम्पनी को दिया, लेकिन कम्पनी ने उसे क्लेम नहीं दिया। इसे स्थाई लोक अदालत में चुनौती देते हुए बीमा कम्पनी से क्लेम दिलवाने का आठाह किया। जवाब में बीमा कम्पनी ने कहा कि प्रार्थी ने जो फोटोठाफ पेश किये हैं वे क्षितठास्त ट्रॉली से भिन्न हैं।

'जरुरतमंद को सुविधा मुहैया कराना पुण्य कार्य'

पावटा । ग्राम पंचायत फतेहपुरा खुर्द स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार को एनजीओ एक कदम गांव की ओर के तत्वावधान में एवं पूर्व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य व एनजीओ अध्यक्ष पूर्व तहसीलदार रामनिवास यादव कि अध्यक्षता में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि जरूरतमंद कि सहायता करना पुण्य कार्य है शिविर के माध्यम से अनेक लोगों कि आंखों का इलाज कर रोशनी प्रदान कर उनके जीवन का अंधेरा भी समाप्त होता है। वही पूर्व तहसीलदार रामनिवास यादव ने कहा कि एनजीओ का उद्देश्य है कि हर जरूरतमंद कि मदद करना यह एनजीओ जननी कि तरह निस्वार्थ भाव से लोगों कि मदद के लिए तत्पर रहेगा।

''सांभरझील'' सरकार की नजरों से ओझल

सांभरझील। इसे विडंबना कहें या समय की मार की महाभारत काल की अति प्राचीन ऐतिहासिक सांभर झील नगरी में जहां अंठोजी हुकूमत व राजा महाराजाओं ने अपना वर्चस्व स्थापित किया वह आज अपनी लगातार अवनति की ओर है। इस आंतरिक मर्म और पीडा को आज तक किसी भी सरकार ने नहीं समझा और न ही इसके वास्तविक कारणों को सुलझाने का प्रयास किया। आजादी के बाद से अपवाद को छोडकर कथित लोकल राजनीति का चोला ओढे नेताओं ने जरूर अपने परिवार का ही भला करने के अलावा दूसरा कोई काम नहीं सोचा और सांभर का सर्वांगीण विकास करने के बजाय उसे गर्त में जरूर धकेल दिया। मंत्री और मुख्यमंत्री तक खुद की अप्रोच रखने वाले लोग केवल अपने खास उन चंद लोगों को जो उनकी पदचंपि करने में माहिर होते हैं को लाभ देने तक ही सीमित रहे। सांभर नगरी में जब डेढ दशक पहले दिल्ली 6 फिल्म की शूटिंग से अचानक सुर्खियों में आई तो उसके बाद से लगातार बॉलीवुड में यह पसंदीदा शहर बनता चला गया। बॉलीवुड फिल्मकारों के लिए सांभर का ठिकाना ऐसा बना की अनेक मशहूर फिल्मों की शूटिंग का सिलसिला जब शुरू हुआ तो लगा सांभर के दिन लौटने लगे हैं, लेकिन इन फिल्मकारों को न तो सरकार की ओर से कोई तवज्जो दी गई और नहीं राजधानी के सन्निकट होने के बावजूद इस पर्यटन नगरी सांभर को फिल्म शूटिंग के लिए बढ़ावा देने हेतु कोई कदम उठाए गए। फिल्म निर्माताओं की ओर से ही अपने स्तर पर शासन और प्रशासन को मैनेज कर शूटिंग करने आते हैं, और जितने समय तक यहां रहते हैं तब तक जरूर लोकल लोगों को कुछ समय के लिए रोजगार भी मिल जाता है, और जबरदस्त हलचल होने से लोग उल्लासित भी रहते हैं। सांभर शहर को शूटिंग के लिए इसलिए खास माना जाता है कि यहां की प्राचीन धरोहर, पुरानी इमारतें और यहां की बसावट आज भी पुरानी सभ्यता व संस्कृति को जिंदा रखे हुए हैं जो अनेक फिल्मों की शूटिंग के लिए उन्हें पसंद किया जाता है। बता दें कि यहां पर आमिर खान की पीके, रामलीला, गुजराती फिल्म काई पोचे, के अलावा अनेक धारावाहिक, विज्ञापनों की झील परिक्षेत्र व प्रॉपर शहर में सैकड़ो तरह की शूटिंग हो चुकी है।

धूमधाम से मना श्री गोवर्धन पूजन का पर्व

कोटपूतली। कस्बे सहित जिले भर में शनिवार को श्री गोवर्धन पूजन का पर्व बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस वर्ष कार्तिक अमावस्या 31 अक्टुबर व 01 नवम्बर को रहने के कारण 02 नवम्बर को एक दिन छोडकर गोवर्धन पूजन का पर्व आयोजित हुआ। इस मौके पर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में कढ़ी, बाजरा, मूंग, चावल, सब्जी आदि का भोग बनाकर ठाकुर जी को लगाया गया। जिसके बाद पंगत प्रसादी का वितरण भी हुआ। मुख्य रूप से नागाजी कि गौर स्थित श्री नागाजी मन्दिर में महन्त मक्खन दास महाराज के सान्धिय में अन्कुट महोत्सव मनाया गया, अवध बिहारी मन्दिर में डॉ. बालेश्वर दास महाराज के सानिध्य में,श्रीराम भवन, तालाब वाले शिव मंदिर, श्री दुर्गा माता मंदिर, गंगा कॉलोनी स्थित श्री शिव मंदिर, श्री नृसिंह जी मंदिर, कल्याण राय जी मंदिर, केशव जी मंदिर, बडाबास स्थित अखाडा वाले शिव मंदिर, जयसिंह गौशाला, कृषि उपज मंडी स्थित श्री शिव मंदिर, मोरीजावाला धर्मशाला स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर, मौहल्ला बड़ाबास स्थित श्री डुंगा वाला हनुमान मंदिर सहित कस्बे के विभिन्न मंदिरों एवं आसपास के गांव-ढ़ाणियों में भी अन्नकूट महोत्सव का आयोजन हुआ।

कस्बा स्थित बड़ा मंदिर में महंत नृसिंहदास जी महाराज के सानिध्य में अन्नकूट प्रसादी का आयोजन हुआ। जहाँ कंवरपुरा, गोरधनपुरा, मोहनपुरा, जोधपुरा आदि गांवों से पधारी सैकड़ों महिला श्रद्धालूओं ने मंदिर परिसर में भजन कीर्तन कर अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की। कस्बे के ट्रक यूनियन स्थित श्री ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में युवा कांग्रेस नेता भीम पटेल, प्रकाश पायला, सुरेन्द्र सैनी समेत अन्य द्वारा ठाकुर जी को भोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया गया। इसी प्रकार कस्बे के वार्ड नं. 06 ढ़ाणी जादावाली जीण माता मन्दिर में पितृ जीण सेवा समिति के तत्वाधान में नवम् अन्नकुट महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालूओं ने अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की।

रजवास की गुर्जरों की ढाणी में लगी आग

निवाई । ग्राम पंचायत रजवास की गुर्जरों की ढाणी में शनिवार की देर शाम अज्ञात कारण से आग लग गई। आग में करीब 10 ट्रॉली ज्वार की कडबी जलकर राख हो गई। बरोनी पुलिस ने बताया कि रजवास की गुजरों कि ढाणी निवासी श्योजीलाल धाबाई अपने परिवार के साथ दीपावली पर्व पर गोर्वधनजी की पूजा कर रहे थे। इस दौरान उनके घर के पीछे स्थित बाडे में अचानक आग लग गई। जिसमें करीब 10 ट्रॉली ज्वार की कडबी जलकर राख हो गई। आग लगने पर ग्रामीणों ने मिट्टी व पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग तेज होने के कारण बुझ नहीं पाई। सूचना पर निवाई दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

नील गाय के हमले से युवक की मौत

निवाई । ग्राम पंचायत सिरोही में नील गाय के हमले से एक युवक की मौत हो गई। उक्त मामले को लेकर मृतक के चाचा ने दतवास पुलिस थाने में मर्ग मामला दर्ज करवाया है। दतवास थानाधिकारी कालूराम मीणा ने बताया कि मृतक के चाचा ने मामला दर्ज करवाया है कि उसका भतीजा अनिल योगी उसके भाई रतिराम के लिए शुक्रवार की शाम करीब 7:30 उनके खेत पर खाना लेकर गया था।

इसी दौरान वहां पर अचानक नील गाय का झुंड दौड़ता हुआ अनिल की ओर आया। जिनके बचाव के लिए अनिल अपना बीच बचाव करते हुए दौडने लगा। दौडते दौडते वह खेत पर लगी तारबंदी से टकरा गया और घायल हो गया। जिसकी चिंखे सुनकर उसका भाई रतीराम दौडक़र मौके पर आया तो वहां अनिल लहूलुहान हो रखा था। जिसकी जानकारी उसके भाई रतिराम ने मोबाइल से परिजनों को दी।

सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल अवस्था में अनिल को निवाई राजकीय सामुदायिक अस्पताल में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने अनिल उम्र 20 वर्ष पुत्र रतिराम योगी को मृत घोषित कर दिया है। परिजनों ने दतवास थाने में उक्त घटना की सूचना दी। सूचना पर दतवास पुलिस निवाई अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मर्ग मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पिच्छीका परिवर्तन समारोह उमड़े श्रद्धालु

निवाई । सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में रविवार को मुनि अनुसरण सागर महाराज के सानिध्य में पिच्छिका परिवर्तन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं की भीड उमड पडी। चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष सुनील भाणजा ने बताया कि पिच्छीका परिवर्तन समारोह में दीप प्रज्जवलन, सांस्कृतिक मंगलाचरण, शास्त्र भेंट, वस्त्र भेंट, पिच्छिका भेंट, संगीतमय आचार्य पूजन के साथ विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। समारोह में मुनि अनुसरण सागर महाराज ने धर्म सभा को संबोधित कर श्रद्धालुओं को आशीर्वचन दिए। श्रद्धालुओं ने 151 दीपकों से गुरु की आरती की। समारोह के बाद सकल दिगम्बर जैन समाज का सामूहिक वात्सल्य भोज का आयोजन हुआ। इसके बाद मुनि अनुसरण सागर महाराज ससंघ ने झिलाय की ओर विहार किया। समारोह में प्रेमचंद गिदोंडी, महावीर माधोराजपुरा, सुशील जैन, विष्णु बोहरा, रामपाल चंवरिया, त्रिलोकचंद पाड्या, दिलीप भाणजा, ताराचंद गोयल व मुकेश बनेठा सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

NAME CHANGE

I army no. 3008460Y Ex MACP HAV Mukesh Kumar Gurjar S/o Ram Lal Gurjar R/o Village post pratappura teh badikui dist dausa that I have changed my son name from Hemant Gurjar to Hemant Baisla (DOB 05.08.2015) and daughter name from Neha (DOB 09.12.2007) to Neha Gurjar (DOB 05.05.2008) vide affidavit dated 29.11.2023 before district notary bandikui dausa raj.

भीलवाड़ा के हनुमान नगर में आचार संहिता की पालना की जरुरत

देवली (नि स) देवली उनियारा विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही यहां आचार संहिता लागू हो गई है। आचार संहिता लागू होने के बाद से प्रशासनिक अधिकारी भी इसकी पालना कराने में भी जुट गए हैं। लेकिन देवली शहर की सीमा पर शाहपुरा (भीलवाडा) जिले का हनुमान नगर भी बसा हुआ है। ऐसे में यहां अवैधानिक गतिविधियां ज्यो की त्यो बनी हुई है । इसका सीधा-सीधा असर चुनाव गतिविधियों पर पड सकता है। मामला यह है कि देवली नगर पालिका की सीमा पर अन्य जिले के आबकारी विभाग ने शराब की दो दुकान आवंटित की हुई है।

■ **देवली उनियारा विधानसभा उपचुनाव होने से हनुमान नगर में आचार संहिता लागू हो तो चुनाव व्यवस्थाएं होंगी और माकूल**

तो वही शहर से सटे हनुमान नगर थाना क्षेत्र में लगभग एक दर्जन से अधिक शराब की अवैध ब्रांच में भी खुली हुई है । ऐसे में यहां शराब का स्टॉक मॉनिटरिंग होना अति आवश्यक है । इसलिए की देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव 13 नवंबर को होने जा रहे हैं। ऐसे में केवल देवली शहर की सीमा तक ही आचार संहिता की पालना हो पाना चुनाव प्रक्रिया के लिए पर्याप्त नहीं माना जा रहा है। इसलिए हनुमान नगर क्षेत्र में भी आचार संहिता की पालना होने पर ही चुनाव प्रक्रिया आसान रहेगी। जानकारी के अनुसार शहर से सटे हुए हनुमान नगर थाना क्षेत्र मैं अवैध शराब की ब्रांचो का कारोबार फल फूल रहा है । अगर यहां भी निर्वाचन आयोग आचार संहिता की पालना करवाने के लिए उक्त क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित करते हैं तो। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के लिए उपचुनाव प्रक्रिया आसन हो जाएगी। इतना ही नहीं चुनाव दौरान काफी समस्याओं से मतदाताओं को राहत मिल जाएगी । यहां आमजन का मानना है कि हनुमान नगर थाना क्षेत्र में भी आचार संहिता की पालना होना अति आवश्यक बना हुआ है। तो वहीं लोगों के बीच आशंकाएं यह भी व्याप्त हो रही है कि चुनाव दौरान हनुमान नगर क्षेत्र से अवैध तोर पर शराब की सप्लाई हो सकती है। ऐसे में चुनाव आयोग को ऐसी होने वाली अवैधानिक गतिविधियों पर पहले से ही ध्यान देना होगा। उल्लेखनीय है कि देवली शहर की सीमा पर बसा हुआ हनुमान नगर कि 30 आवासीय भूमि देवली नगर पालिका में इंद्राज है। और हनुमान नगर क्षेत्र में देवली नगर पालिका ने काफी संख्या में आवासीय भूखंड पट्टे भी जारी किए हुए हैं। इसलिए हनुमान नगर देवली शहर के नाम से ही जाना जाता है। ऐसे में अगर निर्वाचन आयोग चाहे तो यहां भी आचार संहिता की पालना करवा सकते हैं। जिससे निर्वाचन आयोग के लिए देवली उनियारा विधानसभा का उपचुनाव पूर्ण रूप से करवाया जाना आसान हो जाएगा ।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

फटाके चलाने को लेकर हुई लाठी भाटा जंग में एक दर्जन घायल

दो पक्षों में हुए पथराव में घायलों को डिग्गी अस्पताल में भर्ती करवाया।

मालपुरा (निस) डिग्गी थाना क्षेत्र की लावा ग्राम पंचायत के कांगला की ढाणी में शनिवार की रात फटाके चालाने को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद देखते ही देखते लाठी भाटा जंग में तबदील हो गया। झगडे में एक दर्जन महिला पुरूष घायल हो गये।

मामले के अनुसान शनिवार को दीपावली के दुसरे दिन ग्रामीण क्षेत्रों में गोवंश बेल पुजन के त्योहार पर लावा पंचायत के कांगला की ढाणी में युवक फटाखे चला रहे थे एक दुजे पर फटाखे जलाकर फेकने का उल्हाना देने पर दोनो पक्ष के युवा आपस में उलझ पडे मामूली कहासूनी बडे विवाद में तबदील होने व दोनो पक्षों की ओर से लाठी भाटा जंग के चलते कैली देवी पत्नी सूवालाल, राकेश पुत्र सूवालाल, मीनाक्षी पुत्री राजेंश, देशराज पुत्र सुवालाल, प्रहलाद पुत्र रामरतन बैरवा, शंकर पुत्र रामरतन, सम्पत पुत्र रामरतन, विजेश पुत्र लालाराम, गोपाली पत्नी रामरतन, संजना पत्नी शंकर, रामरतन पुत्र मुरली, के सिर में गंभीर चोटो के चलते घायल हो गये। सूचना पर पहुची डिग्गी थाना पुलिस ने सभी घायलों को डिग्गी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ति करवाया, दोनो पक्षों की ओर से मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत – तृतीय,
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर 0141-4901853
आम जाहिर सूचना
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-2/32 मालवीय नगर जयपुर, क्षेत्रफल 120.00 वर्ग मीटर का आवंटन श्री मनोहर श्याम गोयल पुत्र श्री मुरली श्याम गोयल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 19675 दिनांक 07.02.1983 जारी किया गया। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 23.03.2000 को करवाया गया। श्री मनोहर श्याम मोहन की मृत्यु दिनांक 28.09.2003 को जाने के कारण श्री धनेन्द्र गोयल पुत्र स्व. श्री मनोहर श्याम गोयल श्री जितेन्द्र गोयल पुत्र स्व. श्री मनोहर श्याम गोयल के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, पंजीकृत हकत्याग पत्र की छाया प्रति एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अत: उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति / बैंक/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री धनेन्द्र गोयल पुत्र स्व. श्री मनोहर श्याम गोयल श्री जितेन्द्र गोयल पुत्र स्व.श्री मनोहर श्याम गोयल के नाम से उक्त आवास की प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक
वृत तृतीय रा.आ. मण्डल जयपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत देवलिया पंचायत समिति सांगानेर जयपुर
क्रमांक-121 **ई-निविदा सूचना 06/2024-25** दिनांक-29.10.2024
ग्राम पंचायत देवलिया में निर्माण कार्यो के लिए राजस्थान पंचायतीराज नियम 181 के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योंमेंट प्रक्रिया से वेबसाइट https://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है विस्तृत विवरण https://sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड/ अपलोड की जा सकती है।
NIB PEZ2425A0087, UBN- PEZ2425WSPN00119 TO 121
ग्राम विकास अधिकारी **सरपंच**
ग्राम पंचायत देवलिया **ग्राम पंचायत देवलिया**
पं.स. सांगानेर (जयपुर) **पं.स. सांगानेर, जयपुर**